दिनांक 9 जुलाई 2019

स्वच्छ भारत अभियान   स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

सड़क पर घूमने वाले आवारा पशुओं को पकड़कर निगम की टीम ने भेजा गौठान

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त एसके सुंदरानी ने यातायात में दखल देने वाले आवारा पशुओं को पकड़कर गौठान में भेजने के निर्देश निगम की विशेष टीम को दिए हैं! जिस पर कार्यवाही करते हुए आज सुपेला चौक से नेहरू नगर चौक तक के 11 आवारा पशुओं को पकड़ कर नेहरू नगर कोसा नाला , भिलाई नगर रेलवे स्टेशन के समीप बस डिपो के सामने गौठान में रखा गया है !आवारा पशु के कारण यातायात में होने वाले परेशानी से आवागमन करने वाले को खासा दिक्कत का सामना करना पड़ता है, आवारा पशु के कारण कई दफा आवागमन करने वाले राहगीरों के एक्सीडेंट की भी संभावना बढ़ जाती है, रात्रि कालीन होने पर विभिन्न स्थानों पर बैठे हुए या रास्ते में विचरण करते हुए आवारा पशु उनके रंगों के आधार पर दिखाई नहीं देते हैं , तथा अचानक से रास्ता पार करते हैं जिसके कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहती है व कुछ पशु मानव को भी चोटिल कर देते हैं इन सब कारणों से आयुक्त सुंदरानी ने मुख्य मार्ग से आवारा पशुओं को हटाने को सर्वप्रथम प्राथमिकता देते हुए आवारा पशुओं को पकड़ने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए हुए हैं इसके परिपालन में निगम की टीम द्वारा रस्सी आदि की सहायता से आवारा पशुओं को पकड़ने का कार्य शुरू कर दिया है जिसे कॉउ कैचर के माध्यम से गौठान में पहुंचाया जाएगा! आज हुए कार्यवाही में पकड़े हुए पशुओं को बस डिपो के सामने गौठान में रखा गया है, जिन्हें यहां पर भोजन के रूप में चारा आदि उपलब्ध कराया जाएगा और इन पर आने वाले रखरखाव आदि खर्चे को इनके मालिक जो इन्हें ले जाने आएंगे उनसे वसूला जाएगा! जोन आयुक्त जोन क्रमांक 1 टीपी लहरें ने जानकारी देते हुए बताया इन गौठानो को महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को दिया जाएगा, एक-दो दिनों में महिलाएं जिम्मा संभालेंगी जिसकी तैयारी की जा रही है दो महिला ग्रुप का चयन भी किया गया है , जिससे महिलाओं को भी रोजगार प्राप्त हो सके! आवारा पशुओं को छुड़ाने आने वाले मालिकों को यातायात विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र भी प्राप्त करना होगा इसके अतिरिक्त खुले में न छोड़ने का शपथ पत्र भी देना होगा इसकी भी तैयारी की जा रही है! आवारा पशुओं को पकड़ने के बाद गौठान में आवारा पशुओं को छुड़ाने के लिए दो मालिक पहुंचे थे जिन्हें रसीद काटकर शुल्क लेकर उनके पशु को वापस किया गया! आवारा पशुओं को पकड़ने के लिए टीम में प्रकाश अग्रवाल मंगल, कन्हैया, बिज्जू, खेमलाल,गोकरण एवं चैतू आदि थे!

जनसम्पर्क अधिकारी

''जल है तो कल है'' ''जल ही जीवन है''